सत्यमेव जयते

महाराष्ट्र के राज्यपाल

# माननीय श्री. भगत सिंह कोश्यारी

का

# अभिभाषण

महाराष्ट्र राज्य विधानमंडल का मुम्बई में संयुक्त अधिवेशन

०१ दिसंबर २०१९

**सम्मानीय सभापति महोदय, अध्यक्ष महोदय एवम् सदस्यगण,**

हाल ही में, संपन्न हुए १४ वीं राज्य विधानसभा के आम निर्वाचनों के बाद, राज्य विधानमंडल के इस प्रथम सत्र में आप सभी का स्वागत करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही हैं। मैं, राज्य विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों और सम्मानीय मुख्यमंत्री तथा उनकी मंत्रि-परिषद को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

मेरी सरकार, संविधान में प्रतिष्ठापित किये गये समस्त मूल्यों का समर्थन करती है । मेरी सरकार, सभी क्षेत्रों को और समाज के सभी सामाजिक घटकों को न्याय दिलाने के लिये वचनबद्ध है ।

२. मेरी सरकार, राज्य के लोगों की सेवा करते समय छत्रपति शिवाजी महाराज, भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, महात्मा ज्योतिराव फुले, राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज और कई अन्य महान नेताओं एवं समाज सुधारकों द्वारा अधिकथित किये गये उच्च आदर्शों का निरंतर अनुसरण करेगी।

३. मेरी सरकार, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की १५० वीं जयंती पर श्रद्धापुष्प अर्पित करती हैं। नई पिढ़ी को उनके विचारों एवं आदर्शों का परिचय करने के लिये राज्य में, विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं।

४. मेरी सरकार, महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद संबंधी राज्य द्वारा दावा किये गये ८६५ ग्रामों के मराठी-भाषिक लोगों के सांविधानिक अधिकारों एवं उनके विशेषाधिकारों के प्रति संवेदनशीलता रखने के वचन को दोहराती है। मेरी सरकार, उच्चतम न्यायालय में लंबित इस मामले में अपनी ठोस भूमिका निरंतर रख रही है और न्याय मिलने के लिये सभी प्रयास करेगी।

५. मेरी सरकार, ग्रामीण और शहरी भागों में वातावरण परिवर्तन द्वारा चुनौतिपूर्ण रूख के विषय में सचेत है और वातावरण परिवर्तन के हानिकारक प्रभाव को कम करने के लिए सक्रियता से प्रतिकारी उपाय कार्यान्वित करेगी। हाल ही में, राज्य के पश्चिम महाराष्ट्र में आये बाढ़ के कारण व्यापक नुकसान हो गया और उसी समय पर राज्य का बड़ा हिस्सा सूखे से पीड़ित हो गया है। बारिश अनिश्चित, बीच-बीच में और भारी अंधा-धुंद रूप से हो रही है। अक्तूबर और नवंबर में हुई भारी, बेमौसम बारिश के कारण ३४ जिलों के ३४९ तहसिलों में फसलों का व्यापक पैमाने पर नुकसान हुआ है। मेरी सरकार, बेमौसम बारिश के कारण जो किसान प्रभावित हुये है उन्हें तत्काल वित्तीय सहायता देने के लिये वचनबद्ध है।

६. मेरी सरकार, कृषि संबंधी संकटावस्था और किसानों की व्यथाओं पर तत्काल ध्यान देने की जरूरतों को समझती है। सरकार, किसानों को ऋण और चिंताओं से मुक्त करने के लिए आवश्यक कदम उठायेगी।

७. मेरी सरकार, ग्रामीण क्रेडिट क्षेत्र की अवनति को ठीक कर देने की जरूरत को समझती है और जो किसान फसल हानियों से प्रभावित हुये है उन्हें तत्काल क्षतिपूर्ति की सुनिश्चिति करने हेतु सभी आवश्यक कदम उठायेगी।

८. कृषिक किमतों में उतार चढाव के कारण किसानों को वित्तीय संकट झेलना पड़ता है। मेरी सरकार, कृषकों की विपदाओं को कम करने हेतु खेती उपज के लिये लाभकारी किमतों का सुनिश्चितिकरण करने के लिये समुचित उपाय करेगी।

९. मेरी सरकार, राज्य के और विशेषतः मराठवाडा और विदर्भ के सूखा प्रभावित क्षेत्रों में कायम रहनेवाली जलआपूर्ति प्रणाली के संनिर्माण के लिये कदम उठायेगी।

१०. इस सरकार को, बढती बेरोजगारी और उसके परिणाम स्वरूप युवकों में निर्माण हुई बेचैनी की चिंता है। रोजगार सृजित करने की दृष्टि से और सार्वजनिक सेवाओं को शीघ्रता से प्रदान करने की सुनिश्चिति करने के लिए भी मेरी सरकार, राज्य सरकार के सभी रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया का प्रारम्भ करेगी।

११. बढती बेरोजगारी, इस सरकार की प्रमुख चिंता है। हम, यहाँ के भूमिपुत्रों के लिए निजी क्षेत्रों में ८० प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए कानून अधिनियमित करनेवाले है।

१२. मेरी सरकार, युवकों को कुशलता प्रदान करके उन्हें रोजगाराभिमुख बनाने की आवश्यकता को मानती है। मेरी सरकार, शिक्षित बेरोजगार युवकों को अध्येतावृत्ति देने का प्रयास करेगी।

१३. प्रगतिशील समाज, महिलाओं को समान अवसर देता है। महिला सुरक्षा, यह मेरी सरकार की उच्चतम प्राथमिकता होगी और मेरी सरकार, महिलाओं के संरक्षण और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठायेगी।

१४. शिक्षा महँगी और आम आदमी की पहुँच से बाहर हो गई हैं। मेरी सरकार, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की लडकियों को मुफ्त में महाविद्यालय और उच्चतर शिक्षा देने का प्रयास करेगी।

१५. नौकरी करनेवाली महिलाओं को सुरक्षित आवास व्यवस्था देने से गतिशिलता और बृहत् रोजगार अवसरों की सुनिश्चिति होगी। मेरी सरकार, राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में और महत्त्वपूर्ण शहरों में समयबद्ध तरीके से नौकरी करनेवाली महिलाओं के लिये आवास व्यवस्था निर्माण करने का प्रयास करेगी।

१६. मेरी सरकार, स्वास्थ्य और पोषण क्षेत्र में आंगणवाडी सेविकाओं और आशा कार्यकर्ताओं के कार्य की प्रशंसा करती है। मेरी सरकार, आंगणवाडी सेविकाओं और आशा कार्यकर्ताओं की सेवा सुविधाओं में सुधार लाने का प्रयास करेगी।

१७. राज्य में, महिलाओं द्वारा आठ लाख स्वयं-सहायता समूह चलाये जाते है। मेरी सरकार,महिलाओं को सक्षम बनाने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही कुशलता विकास कार्यक्रमों के जरिए, आर्थिक रूप से लाभप्रद कुशलता प्रदान करने के द्वारा स्वयंसहायता समूहों को मजबूत बनाने का प्रयास करेगी। मेरी सरकार, महिला स्वयं-सहायता समूहों को सरकारी खरीद में प्राथमिकता देगी ।

१८. शिक्षा के दरजे में सुधार किए बिना, जनसांख्यिकी लाभ प्राप्त नहीं हो सकता है। मेरी सरकार, राज्य में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा का दरजा सुधारने के सभी उपाय हाथ में ले लेगी।

१९. मेरी सरकार, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका क्षेत्र पर अधिक बल देने के लिए तहसिल स्तर पर मानवी विकास सूचकांक विकसित करेगी, जिसके लिये मानव विकास कार्यक्रम के अधीन तुलनात्मक रूप से पिछड़े समूहों को विशेष निधियाँ प्रदान की जायेगी।

२०. मेरी सरकार, नगर पंचायत, नगर परिषद और नगर निगमों की सड़क दरजा में सुधार लाने के लिये अलग वित्तीय उपबंध करेगी। शहरी क्षेत्रों में सड़क स्थिति में सुधार लाने के लिये मेरी सरकार, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की तर्ज पर एक नवीन योजना कार्यान्वित करेगी।

२१. मलिनबस्तीवासियों के लम्बे समय से प्रलंबित मामलें राज्य के लिये बड़ी चिंता का विषय है। मेरी सरकार, मुंबई और शेष महाराष्ट्र में मलिनबस्ती पुनर्वास कार्यक्रम के अधीन पात्र मलिनबस्ती निवासियों को मकान मुहैया करने के लिये शीघ्रता से कदम उठायेगी।

२२. मेरी सरकार, महाराष्ट्र के मुंबई और अन्य शहरों के संपूर्ण विकास के लिये वचनबद्ध है। मेरी सरकार, राज्य में शहरी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत बनायेगी।

२३. मेरी सरकार की, अन्य गृहनिर्माण परियोजनाओं के साथ मलिनबस्ती पुनर्वास परियोजना के संयोजन द्वारा सर्वोत्तम सुविधाएँ और मूलभूतसुविधा देने की योजना है।

२४. महंगे पैथालॉजिकल टेस्ट आम आदमी की पहुँच से परे हैं। मेरी सरकार, नागरिकों के लिये सभी पैथालॉजिकल टेस्ट करने के लिये तहसिल स्तर में "एक रुपये में क्लीनिक" योजना शुरू करेगी।

२५. सभी के लिये किफ़ायती विशेष स्वास्थ्य देखभाल मुहैया करने के लिये मेरी सरकार, राज्य के सभी जिलों में विहित चरणों में सुपर स्पेशालिटि अस्पताल और चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करेगी।

२६. विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को समेकित और सरलीकृत करने की आवश्यकता को पहचानकर मेरी सरकार, राज्य के सभी नागरिकों के लिये स्वास्थ्य बीमा कवर देने के लिये विभिन्न स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रमों को सम्मिलित करने का प्रयास करेगी।

२७. राज्य में नवीन उद्योगों और निवेशों को आकर्षित करने के लिये मेरी सरकार, सभी संभाव्य राजवित्तीय और गैर-राजवित्तीय रियायतों को विस्तारित करेगी। उद्योगों को स्थापित करने के लिये अनुमति की प्रक्रिया सरलीकृत करेगी।

२८. दैनंदिन क्रियाकलापों का बढ़ता डिजिटलीकरण यह सूचना प्रौद्योगिकी उद्योगों के लिये अत्यधिक अवसर देता है। मेरे राज्य में, सूचना प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षित शिक्षित बेरोज़गार युवाओं की संख्या प्रचुर मात्रा में है। मेरी सरकार, स्थानीय शिक्षित युवाओं के लिये रोजगार के अवसर सृजित करने के लिये सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिये एक नवीन नीति बनायेगी।

२९. राज्य में के सभी पुलिस थानों को, राष्ट्रीय सायबर अपराध शिकायत पोर्टल से जोड़ा जायेगा। यह सभी सायबर अपराध शिकायतें जिला स्तर में संबंधित पुलिस आयुक्तों और पुलिस थानों को स्वयंचलित रूप से वर्गीकृत होगी।

३०. सायबर अपराध अन्वेषणों में पुलिस की कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से, आगामी वर्ष में पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। नागरिक जनजागृति कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा।

३१. मेरी सरकार, अनुसूचित ज़ाति, अनुसूचित जनज़ाति, भटक्या, विमुक्त ज़ाति, धनगर, अन्य पिछड़े वर्गों, बलुतेदारों, आदि के प्रलंबित प्रश्नों को ध्यान में रखेगी और उसे सुलझायेगी। वंचित समुदायों के लिये रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार की मुलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने का हमारा लक्ष्य होगा।

**३२.** महाराष्ट्र के इतिहास से संबंधित संरक्षित किलें राज्य की उच्च सांस्कृतिक, परम्परागत और भावुकतापूर्ण संबंध को दृढ़ करते हैं। राज्य में के किलों जैसे परम्परागत पर्यटन स्थल, बड़े पैमाने पर सामाजिक-सांस्कृतिक महत्त्व रखते हैं, मेरी सरकार, किलों के संरक्षण और परिरक्षण करने के लिये विशेष सुविधाएँ विकसित करेगी।

**३३.** मराठी भाषा का प्रचार और प्रसार करने के उद्देश्य से, मेरी सरकार ने, मुंबई में मराठी भाषा भवन मुख्य केंद्र और ऐरोली, नवी मुंबई में उप-केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है।

**३४.** यह वर्ष महान लेखक, गायक, संगीतकार, पु. ल. देशपांडे, ग. दि. माडगुलकर और सुधीर फड़केजी के जन्मशताब्दी वर्ष के रूप में मनाने के लिये, मेरी सरकार ने, २०१९-२० इस वर्ष में गायन, लेखन, अभिनय, एकपात्र विनोदी प्रतियोगिता पर कार्यशालाओं समेत कई कार्यक्रमों का आयोजन करना प्रस्तावित किया है।

**३५.** अपने वरिष्ठों का आर्शीवाद अनमोल होता है और ज्येष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा इस सरकार की प्रमुख जिम्मेवारी होने के कारण मेरी सरकार, ज्येष्ठ नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा जाल बढ़ाने के लिए कदम उठायेगी।

**३६.** औषधि और खाद्य चीजों का अपमिश्रण यह मुख्य चिंता का विषय है और उसे कड़ी कारवाई से निपटाया जायेगा। मेरी सरकार, खाद्य और औषधि विनियमन के उल्लंघन करनेवालों के विरुद्ध कड़ी कारवाई करेगी।

**३७.** मेरी सरकार, यह सुनिश्चित करेगी कि नागरिकों को १० रुपयों के किफ़ायती दर में ताजा और पोषक भोजन देने के लिये प्रभावी कदम उठायेगी।

**३८.** पर्यावरण पर होनेवाले प्लास्टिक, थर्मोकोल और प्लास्टिक थैलियों के बुरे प्रभाव को अच्छी तरह से जानती है। यह शहरी क्षेत्रों में बाढ़, कृषि परिस्थितिक प्रणाली को नुकसान, समुद्री जीवन पर प्रभाव और स्थानीय प्राधिकरणों पर प्लास्टिक कचरा प्रबंधन का वित्तीय भार

बढ़ने और जैवविविधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसे कम करने के लिए, मेरी सरकार ने, एक बार उपयोगी प्लास्टिक और थर्मोकोल कटलरी, प्लास्टिक और बिना धागे की थैलीयों पर संपूर्ण राज्य में प्रतिबंध लगाया है । मेरी सरकार, इस प्रतिबंध का प्रभावी रूप से कार्यान्वयन करेगी।

**३९.** मेरी सरकार, राष्ट्रीय स्वच्छ हवा कार्यक्रम के अधीन तटीय संरक्षण, तटीय समुदायों की आजीविका में वृद्धि और आपदा प्रबंधन के लिए एकीकृत तटीय ज़ोन प्रबंधन परियोजना कार्यान्वित करेगी।

**४०.** पारंपारिक मछुआरों के हितों का संरक्षण करने के लिये, तटीय ज़ोन में, मेरी सरकार, अवैज्ञानिक एवं अशाश्वत मच्छीमारी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करेगी ।

**४१.** मेरी सरकार, राज्य की विद्यमान आर्थिक स्थिति का तथ्यपूर्ण रिपोर्ट जनता के सामने प्रस्तुत करेगी। साथ ही, मेरी सरकार, राज्य की राजकोषीय स्थिति में सुधार और वित्तीय अनुशासन लाने के लिये वचनबद्ध है।

**४२.** सम्मानीय सदस्यों, मेरी सरकार, राज्य के लोगों को स्वच्छ, पारदर्शी, जिम्मेदार और परिणाम-अभिमुख प्रशासन देने के लिए वचनबद्ध है। मुझे पूरा विश्वास है कि दोनों सदनों के सभी सदस्य, सरकार को उनका संपूर्ण हार्दिक सहयोग, समर्थन और मार्गदर्शन करेंगे।

मैं दुबारा एक बार, आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

**जय हिंद ! जय महाराष्ट्र !**